# कार्यालय– प्रधानाचार्य रा0इ0का0
# कोरुवा कालसी, देहरादून।

पत्रांक/39 /स्वतंत्रता दिवस/ दिनांक 15 अगस्त 2026



## डॉ. रणवीर सिंह

शिक्षा वह दीप है
जो मनुष्य के भीतर
छिपी हुई संभावनाओं
को प्रज्वलित करता है।

72वें गणतन्त्र दिवस 26जनवरी 2021 तत्तकालीन क्षेत्रीय निदेशक डॉ0 रणवीर सिंह जी, संस्थापक जयराम सिंह मेमोरियल शिक्षण एवं महिला उत्थान समिति द्वारा रा0इ0का0 कोरुवा कालसी, देहरादून को एक पुस्तकालय की सौगात दी गई। इस अवसर पर जे0आर0एस0एम0 समिति द्वारा पुस्तकालय के सुचारु प्रबन्धन के लिए पुस्तकों के साथ, 6 मेज, 40 कुर्सियां, 08 अलमारी, 01 सोफा, 01 साउन्ड सिस्टम दान दिया गया जिसके लिये विद्यालय परिवार जे0आर0एस0एम0 समिति का कृतज्ञ है।

विद्या की अधिष्ठार्थी माँ सरस्वती के शिखर उपासक डॉ0 रणवीर सिंह द्वारा विद्यालय परिवार को पुस्तकालय के रुप में दी गयी सौगात अत्यन्त उपयोगी सिद्ध हो रही है। किसी भी शिक्षण संस्थान की संकल्पना एक पुस्तकालय के बिना अधूरी है, पुस्तकालय जहां एक ओर छात्र/छात्राओ के अन्दर स्वाध्याय की भावना को बढाता है, वही दूसरी ओर उनके अधिगम स्तर को भी बढाने में सफल होता है। वर्तमान में रा0इ0का0 कोरुवा में सम्पूर्ण जौनसार क्षेत्र की बालिकाएं अध्ययनरत हैं क्योंकि उनके आवास एवं भोजन की व्यवस्था कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय कोरुवा में की गई है इसी दृष्टिकोण से जे0आर0एस0एम0 पुस्तकालय का विशेष महत्व है।

हम पुनः विद्यालय परिवार (कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय कोरुवा सहित) जे0आर0एस0एम0 समिति की पूरी टीम को कोटि कोटि धन्यवाद ज्ञापित करते है और आशांवित है कि भविष्य में भी इसी प्रकार से जे0आर0एस0एम0 समिति का सम्पूर्ण सहयोग विद्यालय को मिलता रहेगा।

हम आपके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं।

प्रधानाचार्य

जगदीश सिंह
प्रधानाचार्य
रा0 इ0 का0 कोरुवा
(कालसी) देहरादून